**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–09.04.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उपायुक्तों के साथ विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, छात्रवृत्ति भुगतान, स्वास्थ्य सेवाएं सहित विभिन्न योजनाओं के लिए दिए अहम निर्देश।**
2. **डुमरी विधायक जयराम महतो ने कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह पर हमला करने का लगाया आरोप, बोकारो थाने में प्राथमिकी दर्ज, श्वेता सिंह ने वीडियो जारी कर दी प्रतिक्रिया।**
3. **देवघर में 20 एकड़ में फैले झारखंड का सबसे बड़ा अंतरराज्यीय बस टर्मिनल आज से शुरू, पर्यटन, रोजगार और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा।**
4. **धनबाद के चिरकुंडा और कालूबथान में एनआईए की टीम ने की छापेमारी, भारी मात्र में विस्फोटक बरामद।**
5. **ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता–2025 में झारखंड की टीम सेमी फाइनल में, 9–0 से दर्ज की जीत।**

**समाचार विस्तार से**

**********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में आज सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य सेवाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण, नशीले पदार्थों की खेती पर रोक और पेयजल संकट जैसे मुद्दों पर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने सभी मेडिकल कॉलेजों और एम्स देवघर में हेलीपैड निर्माण, ब्लड बैंक की व्यवस्था और कृषक पाठशालाओं में नर्सरी विकसित करने के निर्देश भी दिए।

**********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 19 से 27 अप्रैल तक स्पेन और स्वीडन के दौरे पर रहेंगे। रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में विनोद पांडेय ने जानकारी दी कि यह दौरा राज्य में उद्योग–धंधों को बढ़ावा देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से होगा।

**********************

डुमरी विधायक जयराम महतो ने बोकारो की कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह और उनके दो समर्थकों पर हमला करने का आरोप लगाते हुए बोकारो स्टील सिटी थाना में मामला दर्ज कराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि 3 अप्रैल को बीएसपी गेट पर विस्थापित अप्रेंटिस संघ के समर्थन में पहुंचे तो श्वेता सिंह और उनके समर्थकों ने उन पर हमला कर दिया।

वहीं, कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह ने वीडियो जारी कर कहा कि मामला दर्ज होने की जानकारी उन्हें मीडिया से मिली। उन्होंने जयराम महतो के व्यवहार को अनुचित बताया।

सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है।

**********************

देवघर जिले में झारखंड का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आई एस बी टी) आज से शुरू हो गया है। 20 एकड़ में फैले इस बस टर्मिनल में 18 प्लेटफॉर्म, 82 दुकानें, 2 फूड कोर्ट, स्वचालित सीढ़ियां और बड़ा पार्किंग एरिया बनाया गया है। इस टर्मिनल से बाबा बैद्यनाथ धाम आने–जाने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर यात्रा सुविधा मिलेगी और ट्रैफिक समस्या भी कम होगी। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, इससे पर्यटन, रोजगार और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

**********************

कोडरमा जिले में पोषण पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

धनबाद के चिरकुंडा व कालूबथान में अज पश्चिम बंगाल एनआईए की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान चिरकुंडा के लायकडीह निवासी अमरजीत शर्मा के आवास और बोरियो गांव में स्थित गोदाम में छापेमारी कर भारी मात्रा में जिलेटिन एवं विस्फोटक सामग्री बरामद की है।

छापेमारी में एनआईए की टीम ने भारी मात्रा में जिलेटिन और लगभग 50 किलो से ज्यादा अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया है। मामले में एनआईए की टीम ने अमरजीत के भाई को हिरासत में लिया और पूछताछ की जा रही है।

**********************

चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत विकास कार्यों की वजह से रांची रेल मंडल की कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। टाटानगर–बरकाकाना पैसेंजर, टाटानगर–हटिया एक्सप्रेस और हटिया–टाटानगर मेमू समेत कुल चार ट्रेनों को अलग–अलग तिथियों में रद्द किया गया है। रांची–हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस के मार्ग को भी परिवर्तित किया गया है, जो अब कोटशीला–राजाबेडा–चंद्रपुरा होकर चलेगी। वहीं, टाटानगर–जम्मू तवी एक्सप्रेस 13, 20 और 27 अप्रैल को अपने निर्धारित समय से तीन घंटे देरी से रवाना होगी। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने की अपील की है।

**********************

**संक्षिप्त खबरें–**

- गिरिडीह जिले के गांडेय में नौ दिवसीय नेत्र जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का उद्घाटन गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने किया। उन्होंने इस शिविर को नेत्र स्वास्थ्य के लिए सराहनीय पहल बताते हुए लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की।
- धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा ने समाहरणालय से पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो 8 से 22 अप्रैल तक चलने वाले पोषण पखवाड़ा के तहत जिले के सुदूर इलाकों में पोषण जागरूकता फैलाएगा।
- रामगढ़ छावनी परिषद अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिस में जिले के दूर–दराज़ इलाकों से आए रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।
- जामताड़ा में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने नारायणपुर थाना क्षेत्र से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10 मोबाइल, 16 सिम कार्ड, 4 एटीएम कार्ड, ड्रोन सेट, दो और चार पहिया वाहन समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारिब ने संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी।

**********************

ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता में सिमडेगा की टीम ने स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड दिल्ली को 9–0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। बिलासपुर में आयोजित इस मैच में स्वीटी डुंगडुंग, राजमणि कुमारी और अनुप्रिया सोरेंग ने दो–दो, जबकि संदीपा कुमारी, पुनीता मांझी और रीना कुल्लू ने एक–एक गोल किए। सेमीफाइनल में पहुंचने पर खेल निदेशक संदीप कुमार और अन्य पदाधिकारियों ने टीम को बधाई दी और आगे के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

**********************

मणिपुर के इम्फाल में आयोजित 68 वीं स्कूल गेम्स के भारोतोलन प्रतियोगिता में झारखंड के ओम कुमार ने 61 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीत लिया है। उन्होंने 94 किलोग्राम स्नैच और क्लीन एंड जर्क में 127 किलोग्राम का भार उठाया था ।

*****************